जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 16.10.2024

थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 18 पाउच देशी शराब महबूबा मार्का बरामदः-

आज दिनांक 16.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 18 पाउच देशी शराब महबूबा मार्का सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.चतर सिह पुत्र रघुवीरा उर्फ रोडडा निवासी कसेरवा कला थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.देशी शराब 18 पाउच महबूबा मार्का

थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 16.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बनधित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. रवि पुत्र सुरेश निवासी ग्राम हिन्गोखेडी थाना कैराना जनपद शामली।

<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की जंजीर व रस्सा बरामदः-</u>

ज्ञात हो दिनाँक 07.12.2023 को विकुल पंवार पुत्र विनोद पंवार निवासी ग्राम भारसी थाना कांधला जनपद शामली के घर से अज्ञात चोर द्वारा भैंस चोरी करने के सम्बन्ध में तथा दिनांक 19.06.2024 को मौहम्मद अथर पुत्र मौहम्मद ताहिर निवासी मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली के घर से इन्वर्टर बैट्रा व कुलर का सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कांधला पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास की जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 16.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 चोर को लोहे की जंजीर व रस्सा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.खलील पुत्र जमील निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की जंजीर व रस्सा ।